● सुनो, पढ़ो और गाओ :

९. सोई मेरी छौना रे !

– *डॉ. श्रीप्रसाद*

जन्म : ५ जनवरी १९३२, पारना, आगरा (उ.प्र.) **रचनाएँ :** 'खिड़की से सूरज', 'आ री', 'कोयल', 'गुड़िया की शादी', आदि ।
परिचय : आपने विपुल मात्रा में बाल साहित्य का सृजन किया है ।
प्रस्तुत कविता में लोरी के माध्यम से माँ का वात्सल्य भाव प्रकट किया गया है ।

जरा सोचो .... बताओ

* यदि सच में हमारे मामा का घर चाँद पर होता तो...

मेरा गेंद-खिलौना रे, सोई मेरी छौना रे !

झूला झूले सोने का,
झूले रेशम की डोरी ।
मीठे सपनों में खोई,
सुन-सुन परियों की लोरी ।
मेरा दीठ-दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !



चाँद-सितारे जाग रहे,
नाच रही है चाँदनिया ।
फूल खिले हैं चाँदी के,
फूली मेरी आँगनिया ।
मेरा दीठ-दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !

❑ विद्यार्थियों से लोरी गवाएँ और उसका अर्थ पूछें । इसमें आए संदर्भ समझाएँ और उसपर चर्चा करें । माता-पिता जी का महत्व पूछें और उन्हें अपने दादी जी/ नानी जी के गुणों को उजागर करने वाली कोई घटना बताने के लिए कहें । अन्य लोरी सुनाएँ और गवाएँ ।

खोजबीन

विभिन्न क्षेत्रों की 'प्रथम भारतीय महिलाओं' की सचित्र जानकारी कॉपी में चिपकाओ ।

मेरा सुख अनहोना रे,
सोई मेरी छौना रे !
गीत सुनाऊँ सोए तू,
तू सोए औ गाऊँ मैं ।
मेरा दीठ दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !





जागे, खेले, रूठे तू,
हँस-हँस तुझे मनाऊँ मैं ।
खिलौनों की दुनिया की
सैर तुझे करवाऊँ मैं ।
मेरी प्यारी सलोनी रे !
सोई मेरी छौना रे !

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द
सलोनी = सुंदर छौना = नन्हा बच्चा

स्वयं अध्ययन

अपने परिवार के प्रिय व्यक्ति के लिए चार काव्य पंक्तियाँ लिखो ।

भाषा की ओर

हिंदी-मराठी के समोच्चारित शब्दों की अर्थ भिन्नता बताओ और लिखो ।

मराठी अर्थ	समोच्चारित शब्द	हिंदी अर्थ
	⟵ कल ⟶	
	⟵ सही ⟶	
	⟵ खोल ⟶	
	⟵ आई ⟶	
	⟵ परत ⟶	

सुनो तो जरा

नीतिपरक दोहे सुनो और आनंदपूर्वक सुनाओ ।

बताओ तो सही

माँ को एक दिन की छुट्‌टी दी जाए तो क्या होगा ?

वाचन जगत से

सुभद्राकुमारी चौहान की कविता पढ़ो और समूह में गाओ ।

मेरी कलम से

नियत विषय पर भाषण तैयार करो ।

* कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

१. चाँद सितारे ....,
....................................।
....................................,
...........................आँगनिया ।

२. मेरा सुख ....,
....................................!
....................................,
.... गाऊँ मैं ।

सदैव ध्यान में रखो

जीवन में माँ का स्थान असाधारण है ।

विचार मंथन

।। जननी-जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी ।।

अध्ययन कौशल

अपने परिवार का वंश वृक्ष तैयार करो और रिश्ते-नातों के नाम लिखो ।

KKHZ1Z

जोड़ो हमें

* पेड़ के पत्तों पर दिए गए वर्णों से संयुक्ताक्षरयुक्त शब्द बनाओ : (आधे होकर, पाई हटाकर, हल लगाकर, 'र' के प्रकार)

(क, फ, ग, त, थ, घ, ष, व, द, म, ह, ठ, ड, ट, प, र)



✲ स्वयं अध्ययन–१ ✲

✲ एक से सौ तक की उलटी गिनती पढ़ो और कॉपी में लिखो :



✻ पुनरावर्तन – १ ✻

१. वर्णमाला सुनाओ और विशेष वर्णों के उच्चारण पर ध्यान दो ।

२. विद्‌यालय के स्नेह सम्मेलन का वर्णन करो ।

३. पसंदीदा विषय पर विज्ञापन बनाकर उसको पढ़ो ।

४. फल–फूलों के दस–दस नाम लिखो ।

फलों के नाम	फूलों के नाम
१.	१.
२.	२.
३.	३.
४.	४.
५.	५.
६.	६.
७.	७.
८.	८.
९.	९.
१०.	१०.

५. अक्षर समूह में से खिलाड़ियों के नाम बताओ और लिखो ।

इ	ह	ना	सा	ल	वा	ने		________
ध्या	द	चं	न					________
व	शा	ध	जा	बा	खा			________
ह	ल्खा	सिं	मि					________
म	री	कॉ	मे					________
नि	मि	सा	र्जा	या				________
न	र	स	ल	डु	तें	क	चि	________

कृति/उपक्रम

माता–पिता से अपने बारे में सुनो ।	पिछले वर्ष किए अपने विशेष कार्य बताओ ।	बाल सभा में प्रतिदिन बोध कथा का वाचन करो ।	वर्ष भर के खेल–समाचारों का सचित्र संकलन प्रस्तुत करो ।